# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 77/2023

## माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, संबंधित छात्र/छात्रा, उनके अभिभावक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक) तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा **छात्रहित में माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 आयोजित की जाएगी।** इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक वैसे परीक्षार्थी जिनका पंजीयन संख्या तीन शैक्षणिक सत्र यथा–2020–2021, 2021–2022 एवं 2022–2023 के लिए मान्य है, **वे अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से समिति की वेबसाईट http://secondary.biharboardonline.com पर दिनांक 03.04.2023 से 07.04.2023 तक ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं।** परीक्षा आवेदन भरने वाले छात्र/छात्रा का निर्धारित परीक्षा शुल्क ऑनलाईन जमा करना अनिवार्य होगा। समिति की उक्त वेबसाईट पर परीक्षा आवेदन प्रपत्र अपलोड है। विद्यालय के प्रधान परीक्षा आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्रा को उपलब्ध करायेंगे और उनसे विधिवत् भरा हुआ परीक्षा आवेदन पत्र प्राप्त कर समिति की उक्त वेबसाईट पर निर्धारित अवधि में ऑनलाईन भरना एवं निर्धारित शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**2. माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में निम्नांकित कोटि के परीक्षार्थी सम्मिलित हो सकते हैः–**

**(i) नियमित (Regular)/स्वतंत्र (Private)/पूर्ववर्ती छात्र (Ex-Student) कोटि के परीक्षार्थियों की सभी विषयों की परीक्षा के लिएः**– नियमित/स्वतंत्र एवं पूर्ववर्ती कोटि के वैसे पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता रखते थे, जिनके द्वारा संबंधित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान में परीक्षा आवेदन पत्र एवं निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किया गया है और इसके बावजूद शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण उन पंजीकृत/सेन्ट–अप छात्र/छात्राओं का ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र नहीं भरा गया और न ही परीक्षा शुल्क जमा किया गया, जिसके कारण विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने से वंचित रह गये, तो वैसे छूटे हुए पंजीकृत (सत्र 2022–23) छात्र/छात्रा को अपवादस्वरूप विशेष मौका देते हुए उन्हें माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाता है। उन्हें वार्षिक परीक्षा के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सभी सुविधाएँ देय होगी। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

नियमित/स्वतंत्र/पूर्ववर्ती कोटि के वैसे पंजीकृत परीक्षार्थी जिनके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के क्रम में विषय, लिंग एवं फोटो में त्रुटि की गई और उसके कारण वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने से वंचित रह गये हैं, तो वे विषय, लिंग एवं फोटो को संशोधित करते हुए कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

**(ii) वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के संबंध मेंः**– वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अपने एक अथवा सभी विषयों की परीक्षा में अनुपस्थित रहें हो, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सभी विषयों की परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के अनुसार श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय होगा।

**(iii) समुन्नत कोटि के परीक्षार्थी के सम्बन्ध मेंः**– वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में उत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में समुन्नत परीक्षार्थी के रूप में परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते थे, किन्तु किसी कारणवश परीक्षा आवेदन ऑनलाईन भरने एवं शुल्क जमा करने से वंचित रह गये अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान की लापरवाही के कारण उनका ऑनलाईन परीक्षा फार्म नहीं भरा जा सका, वैसे परीक्षार्थी समुन्नत कोटि के रूप में अपने एक अथवा सभी विषयों में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी का समुन्नत के लिए परीक्षा आवेदन स्वीकार योग्य नहीं है। ऐसे परीक्षार्थी यदि Result Improvement हेतु पुनः माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित होना चाहते हैं, तो वे आगामी वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 में सम्मिलित हो सकते हैं, माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में वे सम्मिलित नहीं हो सकते हैं।

**(iv) कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में निम्नलिखित कोटि के परीक्षार्थी माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के संबंध में :–**

**(क) वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में अधिकतम 02 (दो) (अंग्रेजी सहित तीन) विषयों में अनुपस्थित परीक्षार्थी को कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के संबंध मेंः**– वार्षिक माध्यमिक सैद्धान्तिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले वैसे पंजीकृत एवं Sent-up परीक्षा में उत्तीर्ण परीक्षार्थी, जो किसी कारणवश अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) की मात्र सैद्धान्तिक परीक्षा में अनुपस्थित रहें हो, तो वैसे परीक्षार्थी को अपवाद स्वरूप माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में उन अनुपस्थित अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) की परीक्षा में कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थियों को वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधाएँ देय नहीं होगा।

ऐसे परीक्षार्थी उपर्युक्त कंडिका–2 की उप कंडिका (ii) के आलोक में सभी विषयों की परीक्षा में भी सम्मिलित होने की पात्रता रखते हैं।

**(ख)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में अनुत्तीर्ण वैसे परीक्षार्थी, जो छः बाह्य विषयों में से किसी एक विषय अथवा दो विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो वे उत्तीर्ण होने तक लगातार तीन अवसर ले सकते हैं। प्रथम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023, दूसरा अवसर वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2024 तथा तीसरा अन्तिम अवसर माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल परीक्षा, 2024 तक दिया जाएगा। प्रथम अवसर के लिए माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु अपने विद्यालय प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। इस कोटि के परीक्षार्थी को वार्षिक परीक्षा, 2023 के अनुरूप श्रेणी एवं अन्य सुविधा देय नहीं होगा।

**(ग)** माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2022 के वैसे परीक्षार्थी जो छः बाह्य विषयों में से किसी एक विषय अथवा दो विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में अनुत्तीर्ण हुए हों, तो प्रथम अवसर के रूप में वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित हुए तथा उसमें भी अनुत्तीर्ण रहे, तो दूसरे अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में कम्पार्टमेन्टल कोटि के रूप में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भर सकते हैं और शुल्क जमा करेंगें। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

**(घ)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2022 में सम्मिलित वैसे परीक्षार्थी, जो छः बाह्य विषयों में से किसी एक विषय अथवा दो विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में अनुत्तीर्ण हुए हों, वे प्रथम अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2022 में सम्मिलित हुए और उसमें भी अनुत्तीर्ण रहे, दूसरे अवसर के अन्तर्गत वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित हुए और पुनः अनुत्तीर्ण रहे, तो वैसे परीक्षार्थी अपने तीसरे अंतिम अवसर के रूप में माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में अधिकतम दो अनुत्तीर्ण विषयों (एकल विषय अंग्रेजी को छोड़कर) में सम्मिलित हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं। ऐसे परीक्षार्थियों का यदि पूर्व में सम्मिलित इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा का प्राप्तांक समिति को प्राप्त नहीं है, तो उन्हें आयोजित होने वाली इंटरनल एसेसमेंट/प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित कराकर उसका प्राप्तांक विद्यालय के द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा तथा जिनका प्राप्तांक समिति को प्राप्त है, उसे Carry On कर परीक्षाफल तैयार किया जाएगा।

**(ङ)** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में उत्तीर्ण परीक्षार्थी यदि मात्र अंग्रेजी विषय में अनुत्तीर्ण हैं, तो वे Single Subject अंग्रेजी की परीक्षा में शामिल हो सकते हैं, जिसके लिए वे अपने विद्यालय के माध्यम से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन एवं शुल्क जमा कर सकते हैं।

**(v)** उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषयों) में अनुत्तीर्ण कतिपय परीक्षार्थी अपनी उत्तरपुस्तिकाओं के पुनरीक्षण (स्क्रुटिनी) हेतु ऑनलाईन आवेदन भरते हैं साथ ही माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में भी सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से भर देते हैं। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि **यदि उत्तरपुस्तिकाओं के पुरीक्षण (Scrutiny) के उपरान्त किसी परीक्षार्थी के अंकों में परिवर्तन के पश्चात वे उत्तीर्णता प्राप्त करते हैं, तो उनका वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 का परीक्षाफल ही मान्य होगा न कि माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 का परीक्षाफल।**

**3.** अंकनीय है कि अधिकतम दो विषयों (अंग्रेजी सहित तीन विषय) में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्टल परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

**4.** माध्यमिक स्तर के सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान एवं छात्र/छात्रा को सूचित किया जाता है कि यदि किसी शिक्षण संस्थान के परीक्षार्थियों को वर्ष 2023 की आयोजित होने वाली माध्यमिक कम्पार्टमेंटल–सह–विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पंजीयन (Registration) कराते हुए परीक्षा में सम्मिलित कराने के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोई आदेश पारित किया गया हो, तो वैसे संस्थान के प्रधान/विद्यार्थी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति कार्यालय में न्यायादेश की छायाप्रति के साथ परीक्षा नियंत्रक (मा0) से **दिनांक 04.04.2023** तक अनिवार्य रूप से सम्पर्क करना सुनिश्चित करेंगे। न्यायादेश के आलोक में निर्णय लेते हुए परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में निदेश निर्गत किया जाएगा। उक्त निर्धारित तिथि तक यदि किसी शिक्षण संस्थान के प्रधान/विद्यार्थियों द्वारा इस संबंध में कोई सूचना उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो बाद में उनका ऐसे दावा मान्य नहीं होंगे और इसकी पूरी जवाबदेही संबंधित शिक्षण संस्थान/विद्यार्थी की होगी।

**5. विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि वार्षिक माध्यमिक परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने के लिए पंजीकृत परीक्षार्थियों से 13 (तेरह) Digit का BSEB UNIQUE ID का प्रावधान किया गया है, जो उनके मूल पंजीयन कार्ड एवं प्रवेश में अंकित है, जिसे परीक्षा आवेदन विहित प्रपत्र में उनके द्वारा अनिवार्य रूप से भरा जाएगा। साथ ही इस प्रपत्र के कॉलम–12 में अभ्यर्थी का आधार नंबर अंकित किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी को आधार कार्ड/नंबर आवंटित नहीं हुआ है, तो इस आशय की घोषणा कॉलम–13 में अनिवार्य रूप से की जाएगी। इस संबंध में परीक्षा आवेदन प्रपत्र के कॉलम–12 एवं 13 में स्पष्ट निदेश अंकित है।**

**6. स्पष्ट किया जाता है कि केवल मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान द्वारा ही वैध छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन भरा जायेगा एवं निर्धारित शुल्क जमा किया जायेगा। जिन विद्यालयों की मान्यता/ संबद्धता रद्द/निलंबित/वापस ले ली गयी है, वैसे विद्यालयों से परीक्षा आवेदन कदापि नहीं भरा जायेगा। साथ ही किसी भी परिस्थिति में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान छात्र/छात्रा एवं उनके माता–पिता के नाम तथा अन्य विवरणी के स्थान पर अंग्रेजी के वर्ण यथा–A, B, C, AB, BC, X, XY, XYZ आदि छद्म एवं बेनामी नाम/डमी आंकड़ें की प्रविष्टि नहीं की जाएगी। ऐसा पाये जाने पर इस तरह के परीक्षा आवेदन को रद्द करते हुए विद्यालय प्रधान के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।**

**7. माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क का विवरण निम्नवत है :–**

| मद | सामान्य कोटि के लिए | आरक्षित कोटि SC, ST & EBC (BC-I) के लिए |
|---|---|---|
| ऑनलाईन परीक्षा आवेदन शुल्क | ₹ 70.00 | ₹ 70.00 |
| परीक्षा शुल्क | ₹ 115.00 | – |
| विविध शुल्क | ₹ 430.00 | ₹ 430.00 |
| अंक पत्र शुल्क | ₹ 170.00 | ₹ 170.00 |
| औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | ₹ 110.00 | ₹ 110.00 |
| विज्ञान आन्तरिक शुल्क (सभी विषयों में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | ₹ 55.00 | ₹ 55.00 |
| **कुल** | **₹ 950.00** | **₹ 835.00** |
| व्यावहारिक परीक्षा शुल्क (केवल गृह विज्ञान, नृत्य, संगीत एवं ललित कला विषय में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थी के लिए) | ₹ 30.00 | ₹ 30.00 |
| ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग विद्यालय प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी /मूल प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा। | ₹ 30.00 | ₹ 30.00 |
| **कुल** | **₹ 1010.00** | **₹ 895.00** |

**नोट : 1. ऑनलाईन शुल्क (रू० 30/–) शिक्षण संस्थान द्वारा रखा जाएगा, जिसका उपयोग शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा विद्यार्थी के ऑनलाईन आवेदन भरने तथा उन्हें डमी/मूल पंजीयन/प्रवेश पत्र डाउनलोड कर प्राप्त कराने के मद में किया जाएगा।**

2. बेटरमेन्ट एवं एकल विषय (अंग्रेजी) की परीक्षा के लिए प्रति परीक्षार्थी निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त 200.00 रुपये अनुमति शुल्क अलग से देय है जो परीक्षा शुल्क के साथ जमा करना अनिवार्य है।

3. माध्यमिक परीक्षा में सम्मिलित एवं अनुत्तीर्ण पूर्ववर्ती/कम्पार्टमेन्टल परीक्षार्थियों को औपबंधिक प्रमाण पत्र शुल्क 110.00 रूपये, विज्ञान आन्तरिक शुल्क 55.00 रूपये एवं व्यावहारिक परीक्षा शुल्क 30.00 रूपये देय नहीं है।

**8. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने हेतु वेबसाईट पर लॉग–इन करने के संबंध मेंः–**

परीक्षा आवेदन पत्र एवं शुल्क ऑनलाईन जमा करने के लिए विद्यालय के प्रधान को समिति द्वारा यूज़र आई0डी0 एवं पासवर्ड जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से पूर्व में ही उपलब्ध कराया जा चुका है। यूज़र आई0डी0 और पासवर्ड का प्रयोग करते हुए शिक्षण संस्थान के प्रधान समिति की वेबसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर लॉग–इन करेंगे।

लॉग–इन के उपरान्त विद्यालय के यूजर पोर्टल में Secondary Compartmental-cum-Special Examination, 2023 में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं का डाटा विवरणी उपलब्ध रहेगा, जिसे क्लिक करने पर छात्र/छात्राओं के उपलब्ध विवरणी की जाँच कर परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

**9. छात्र/छात्राओं से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन :–**

उपर्युक्त प्रक्रिया के पश्चात् परीक्षा आवेदन–पत्र में भरा गया छात्र/छात्रा का विवरण अपलोड किये गये फोटो तथा हस्ताक्षर के साथ पूरा परीक्षा आवेदन दिखेगा।

**10. छात्र/छात्रा के रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर के संबंध मेंः**– जिन छात्र/छात्रा का माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरा जाएगा, उस पर संबंधित छात्र/छात्रा का फोटो का साईज एवं प्रकार निम्नवत् रहना अनिवार्य है :–

(i) **फोटो का साईज एवं प्रकार :–**
Image Size :- 35 mm X 30 mm का हो। (400-500 KB के बीच jpg/jpeg फॉरमेट में हो)
Head Size/Face Size :- 25 mm X 20 mm
Background :- Plain White or Light Green
Image dpi = 300

(ii) स्कैन किया हस्ताक्षर का नमूना (jpg/jpeg) फॉरमेट (3.5 cm width x1cm height) में हो तथा आकार 5-20 KB से अधिक न हो।

**11. ऑनलाईन परीक्षा भरे जाने की प्रक्रियाः–**

1 Login → 2 Form fillup → 3 Verification of Student → 4 Payment → 5 Payment Verification → 6 Student list/ Filled form of student → 7 Logout

**(i) शुल्क जमा करने की प्रक्रिया :–**

शिक्षण संस्थान के प्रधान जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा पूर्व से प्राप्त विद्यालय का User Id एवं पासवर्ड के माध्यम से समिति की बेवसाईट **http://secondary.biharboardonline.com** पर Login कर परीक्षा शुल्क भुगतान के लिए "Make Payment" पर क्लिक करेंगे, जो बेवसाईट के होम पेज पर दाहिने भाग में "Quick link" में उपलब्ध रहेगा। परीक्षा शुल्क का भुगतान निम्नांकित माध्यम से किया जा सकता हैः–

**(ii) ऑनलाईन भुगतानः**– ऑनलाईन पेमेन्ट डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/नेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा किये गये ऑनलाईन भुगतान के संबंध में अपने बैंक खाता से निकासी हुई है या नहीं इसकी जाँच कर स्वयं संतुष्ट हो लेना आवश्यक है।

**(iii) समिति की वेबसाईटः– http://secondary.biharboardonline.com** पर यूजर मैनुअल उपलब्ध रहेगा।

**12.** उपर्युक्त के अनुसार माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में पंजीकृत उक्त कोटि के परीक्षार्थी का शिक्षण संस्थान के प्रधान **दिनांक–03.04.2023 से 07.04.2023** तक की अवधि में ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरना एवं शुल्क जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

**13.** ऑनलाईन परीक्षा आवेदन भरने या परीक्षा शुल्क जमा करने में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति की **हेल्प लाईन नं0–0612–2232074** पर सम्पर्क किया जा सकता है अथवा **E-mail Id : bsebsehelpdesk@gmail.com** पर सूचित कर परीक्षा आवेदन भरने से संबंधित समस्या का त्वरित निराकरण प्राप्त किया जा सकता है।

**अतः सभी संबंधितों से अनुरोध है कि इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए माध्यमिक कम्पार्टमेन्टल–सह–विशेष परीक्षा, 2023 में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा आवेदन एवं शुल्क ऑनलाईन भरे जाने की प्रक्रिया में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।**

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)